RNI NO. : MAHHIN/1998/02261

# महाराष्ट्र क्राईम्स

होली,
माहे रमजान,
गुड़ी पड़वा व
श्री राम नवमी
की हार्दिक
शुभकामनाएं
महाराष्ट्र क्राईम्स
परिवार

वर्ष 22 | अंक - 05 | मुंबई, 05 मार्च 2023 | पृष्ठ : 8 | कीमत : 5 रुपये | प्रधान संपादक : सिराज चौधरी

## चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के संरक्षण में चल रहे है

# मसाज पार्लर के आड़ में देह व्यापार के धंधे

**कानूनी करवाई से बचाने के लिए स्पा का नाम यूनिवर्स से यूनिक स्पा!**


**पुणे संवाददाता**

आज के दौर में हर कोई रुपये कमाने की चाह रखता है। कुछ लोग होते है जो अपनी मेहनत और ईमानदारी से रुपये कमाते है और ज्यादातर लोग ऐसे भी होते है की उन्हें कम समय में बिना मेहनत किये अवैध तरीके से ज्यादा रुपये कमाने की होड़ में लगे रहती है और उस में ज्यादातर लोग कमयाब भी होते है।

जैसा की लोग देख रहे है की चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे ने अपनी उपरी कमाई का एक नया उपाय खोजा है। अपने ही चतुर्शिंगी पुलिस थाने के हद में युनिवर्स नामक स्पा श्रीराम याश्दा इमारत के पहले माले पर दुकान क्र २ में बालवाडी फाटे, बानेर मार्ग, ओर्चिट स्कुल के सामने, नितिन बेडगे नामक व्यक्ति चला रहा है। बताया जाता है कि नितिन बेडगे आज जो यह अवैध देह व्यापार का धंधा चला रहा है, उसका कारण है चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे जिन्होंने अपना आशीर्वाद देकर नितिन बेडगे के इस अवैध धंधे को बढ़ाने में काफी हद तक मदद करते है। बालाजी पांढरे ने नितिन बेडगे को मसाज के आड़ में देह व्यापार का धंधा करने की पूरी




**स्पा का दृश्य**



**स्पा के अंदर का दृश्य**

छूट दे रखी है। बताया यह भी जाता है कि नितिन बेडगे की कई ऐसे दलालों से अच्छी जान पहचान है, जो दूसरे राज्यों से गरीब व लाचार लडकियों को नौकरी का लालच देकर उन्हें नितिन बेडगे के युनिवर्स स्पा में लाकर उन लडकियों से देह व्यापार का धंधा कराते हैं।

स्थानिक लोगो के अनुसार नितिन बेडगे भी बालाजी पाढ़रे साहब की सेवा करने में कोई कोताही नहीं करते।उन्हें हर तरह से सेवा प्रदान करते हैं, जिससे उन्हें भी जीवन का आनंद तो मिलता है इसी के साथ रुपयों की भी अच्छी खासी बारिश होती रहती है। यह वह बारिश है जो कभी नही रुकेगी।साल के बारहों महीने बरसती रहती है।

स्थानिक जानकारों का कहना है कि इस अवैध मसाज सेंटर (स्पा) के खिलाफ स्थानिक लोगो ने कई बार चतुर्शिंगी पुलिस थाने में शिकायत की है, परन्तु चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे के चलते अभी तक किसी ने भी किसी भी प्रकार की कानूनी कारवाई नही की है। कहा यह भी जाता है कि उल्टा शिकायतकर्ता को पुलिस थाने बुलाकर उससे पूछताछ के दौरान उस पर ही भा.द.वि .की धारा ३५३, ५०६, ५०४, ५०६ के तहत झूठा मामला दर्ज करके उसे जेल भिजवा दिया जाता है। यह तरीका है शिकायतकर्ता को शांत करने का। इसी डर से हर कोई शिकायत करने से डरता है। इस विषय में लोगो की शिकायत पर दिनांक १२/१२/२०२२ के रोज पुणे शहर के पुलिस आयुक्त रितेश कुमार को लिखित रूप में पूरी जानकारी दी थी। रितेश कुमार ने चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे को यूनिवर्स स्पा पर कानूनी कारवाई करने का आदेश दिया।

**इस पर वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे ने स्पा मालिक नितिन बेडगे को बुलाकर कानूनी करवाई से बचाने के लिए सलाह दी कि तुम अपने दुकान का नाम बदल दो और हम अपने कार्रवाई में यह दिखा देंगे कि यूनिवर्स नाम कि स्पा हमारे क्षेत्र में नहीं चलता है। इस सलाह के बदले में नितिन बेड के से वरिष्ठ निरीक्षक बालाजी पांढरे ने मोटी रकम ली है।**

इस सलाह पर स्पा मालिक नितिन ने दुकान का नाम यूनिवर्स नाम हटाकर यूनिक स्पा कर दिया।

परन्तु खबर लिखे जाने तक कोई कानूनी कारवाई नही की गई इस की जानकारी लेने के लिये दिनांक १८/०१/२०२३ के रोज खडकी विभाग के जन महिती अधिकारी (सहाय्यक पुलिस आयुक्त) खडकी विभाग से जानकारी मांगी थी परन्तु आज दिनांक ५/०३/२०२३ तक कोई जवाब नही मिल रहा है। इसी बिच दिनांक १०/०२/२०२३ के रोज इस विषय को लेकर 'महाराष्ट्र क्राइम्स' के ट्विटर अकाउंट से पुणे शहर के पुलिस आयुक्त के नाम ट्विट किया गया इसे भी बालाजी पांढरे ने पुणे पुलिस आयुक्त का आदेश नही माना उनके आदेश को बालाजी पांढरे ने पूरी तरह से अनदेखा करते आरहे है। अपनी उपरी कमाई में मस्त है।

स्थानिक जानकरो का यह कहना है कि चतुर्शिंगी पुलिस थाने के हद में आज लगभग ३० से ३५ मसाज पार्लर(स्पा) है और इस सभी मसाज पार्लरो पर बालाजी पांढरे का आशीर्वाद है, जिससे मसाज पार्लर मालिक खुलेआम बिना किसी डर से अपने अपने मसाज पार्लर में देह व्यापार का धंधा चला रहे है। इससे पार्लर मालिक तो हर दिन अच्छी खासी कमाई करते है, लेकिन साथ साथ बालाजी पांढरे साहब के हिस्से में भी सभी पार्लरो से मिला कर अच्छी खासी कमाई हिस्से में आती है।

'महाराष्ट्र क्राइम्स' समाचार पत्र के माध्यम से पुणे शहर के पुलिस आयुक्त रितेश कुमार, सह पुलिस आयुक्त संदीप कर्णिक अप्पर पुलिस आयुक्त (गुन्हे) रामनाथ, पुलिस उपायुक्त अमोल झेंडे और पुलिस उपायुक्त (विशेष शाखा) राजा से यह अनुरोध करते है कि इस विषय पर ध्यान देकर चतुर्शिंगी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक बालाजी पांढरे से जवाब लिया जाये कि उन्होंने लिखित शिकायत मिलने और अपने वरिष्ठो के आदेश का पालन क्यों नही किया? कानूनी कारवाई ना करने का कारण क्या है? इसी के साथ स्थानिक रहिवाशीयो की ओर से यह मांग करते है कि युनिवर्स स्पा के मालिक नितिन बेडगे और बालाजी पांढरे पर तत्काल कानूनी कारवाई की जाए।

# आईपीएस रश्मि शुक्ला बनी डीजी एसएसबी

## शुक्ला पर फोन टैपिंग के लग चुके हैं आरोप... कई नेताओं ने लगाया था फोन टैपिंग का आरोप

**मुंबई:** केंद्र सरकार ने महाराष्ट्र कैडर की चर्चित आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला को सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) का डायरेक्टर जनरल नियुक्त किया है। वे सीआरपीएफ में एडिशनल डायरेक्टर जनरल की जिम्मेदारी निभा रही थी। 1988 बैच की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र खुफिया विभाग की पूर्व प्रमुख रह चुकी हैं। वे इससे पहले फोन टैपिंग से जुड़े एक मामले में सुर्खियों में भी आई थीं। जानकारी के अनुसार पिछले महीने ही केंद्रीय कैबिनेट की अपॉइंटमेंट कमेटी ने रश्मि शुक्ला के डायरेक्टर जनरल रैंक पर प्रमोशन को हरी झंडी दी थी।




इसके बाद गुरुवार को उनकी पोस्टिंग एसएसबी में की गई है। वे अनीश दयाल सिंह की जगह लेंगी। केंद्र सरकार ने गुरुवार को अपने एक आदेश में ये जानकारी दी है।

1988 बैच और महाराष्ट्र कैडर की आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला एक तरफ फोन टैपिंग के आरोपों से घिरी रहीं हैं, तो वहीं उन्हें महाराष्ट्र में महिलाओं की सुरक्षा और बेहतरी के प्रति अपने समर्पण के लिए भी जाना जाता है। रश्मि शुक्ला को कई बड़े सम्मानों से भी नवाजा जा चुका है।

**इन नेताओं ने लगाया था फोन टैपिंग का आरोप**

बता दें कि रश्मि शुक्ला पर आरोप लगा था कि उन्होंने शिवसेना नेता संजय राउत, एनसीपी नेता एकनाथ खडसे सहित कुछ अन्य नेताओं का फोन टैप किया था। इस सिलसिले में कोलाबा पुलिस स्टेशन में एक शिकायत भी दर्ज की गई थी। हालांकि एकनाथ शिंदे सरकार ने उनके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग को खारिज कर दिया था।



## संपादकीय

# ऐसा न हो कि...

त्रिपुरा, नागालैंड और मेघालय विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद केंद्रीय उड्डयन मंत्री और बीजेपी नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज कसा है. उन्होंने कहा कि तीनों राज्य में कांग्रेस की बुरी हार के लिए और कोई नहीं, सिर्फ राहुल गांधी जिम्मेदार हैं. उन्होंने राहुल गांधी के कैम्ब्रिज में बदले लुक को लेकर कहा कि उनका कोई लुक बाकी रह गया है क्या?

एक कार्यक्रम में शिरकत करने एमपी के ग्वालियर पहुंचे ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि राहुल गांधी को पूरे देश की जनता ने नकार दिया है. साथ ही ये भी कहा कि मैं, उनके लुक की बात नहीं करना चाहता. पूर्वोत्तर के तीनों राज्यों के परिणाम ही बता रहे हैं कि देश की सियासी फिजां में उनकी हैसियत अब क्या है? तीनों राज्यों के चुनाव परिणाम से स्पष्ट है कि राहुल गांधी और उनकी भारत जोड़ो यात्रा को किसी ने गंभीरता से नहीं लिया. मध्य प्रदेश में कांग्रेस की स्थिति बहुत खराब है. इसके रुझान अभी से मिलने शुरू हो गए हैं. ज्योतिरादित्य सिंधिया यहीं पर नहीं रुके, उन्होंने कुटिल मुस्कान बिखेरते हुए चुटकी ली और कहा कि एमपी में साल 2023 के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं. ऐसा भी हो सकता है कि तब तक कांग्रेस पार्टी ही न बचे.

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत जारी विकास कार्यों का निरीक्षण करने के लिए ग्वालियर यहां पहुंचे थे. उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट पर तेजी से काम जारी रखने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया. शिवराज सरकार की आरे से विकास कार्यों के लिए जारी को उन्होंने जनता के हित में जारी बजट करार दिया.


केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने ग्वालियर के जलालपुर हाइवेपर बन रहे आईएसबीटी, कटोराताल के थीम रोड से होकर महाराज बाड़े पर बन रही मल्टीलेवल पार्किंग और पेडेस्ट्रियन जोन, गोरखी के डिजिटल म्यूजियम, आर्ट्स एंड क्राफ्ट सेंटर को लेकर जारी कार्यों का जायजा लिया. साथ ही प्रोजेक्ट के बारे में अधिकारियों से डिटेल जानकारी भी हासिल की. उन्होंने थीम रोड के निरीक्षण के दौरान घटिया निर्माण और प्रोजेक्ट में देरी को लेकर अधिकारियों से असंतोष का इजहार भी किया. बता दें कि दो साल पहले तक ज्योतिरादित्य सिंधिया राहुल गांधी के करीबियों में शुमार थे. अब वो बीजेपी सांसद और केंद्रीय मंत्री हैं. यही वजह है कि मौका मिलते ही वो राहुल गांधी पर हमला करने से नहीं चूकते. वह राहुल गांधी से पहले एमपी के पूर्व सीएम कमलनाथ और कांग्रेस के कद्दावर नेता दिग्विजय सिंह पर लगातार निशाना साध रहे हैं.

# गुलजारीलाल नंदा के अंतिम समय की कहानी आपको भावुक कर देगी

करीब 94 वर्ष की उसकी उम्र रही होगी। किराये के मकान में पुराने बिस्तर, कुछ बर्तन, प्लास्टिक की बाल्टी और एक मग आदि उसके पास जरूरत के सामान थे। कुछ समय के बाद उसके पास किराया देने के भी पैसे नहीं बचने लगे। एक दिन मकान मालिक उसे उसके सामान के साथ बाहर निकाल दिया। उस वृद्ध ने किराया देने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी लेकिन मकान मालिक ने एक नहीं सुनी। आखिर पड़ोसियों को उस वृद्ध पर दया आई और उन्होंने मकान मालिक से अनुरोध किया कि उसे कुछ समय दे दो। मकान मालिक ने सभी के कहने पर उसे कुछ समय के लिए और रहने की मोहलत दे दी। वृद्ध खुश होकर फिर से अपना सामान अंदर ले गया।

भारतीय राजनीतिज्ञ गुलजारीलाल नंदा का जन्म सियालकोट (अब पाकिस्तानी पंजाब) में 4 जुलाई 1898 को हुआ था। इनके पिता का नाम बुलाकीराम नंदा तथा माता का नाम ईश्वरदेवी नंदा था। नेहरूजी के निधन के बाद कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में इनका प्रथम कार्यकाल 27 मई 1964 से 9 जून 1964 व लालबहादुर शास्त्री के निधन के बाद दूसरा कार्यकाल 11 जनवरी 1966 से 24 जनवरी 1966 तक रहा था। आओ जानते हैं उनकी जयंती पर भावुक कर देने वाली कहानी।

वह व्यक्ति बहुत वृद्ध था। करीब 94 वर्ष की उसकी उम्र रही होगी। किराये के मकान में पुराने बिस्तर, कुछ बर्तन, प्लास्टिक की बाल्टी और एक मग आदि उसके पास जरूरत के सामान थे। कुछ समय के बाद उसके पास किराया देने के भी पैसे नहीं बचने लगे। एक दिन मकान मालिक उसे उसके सामान के साथ बाहर निकाल दिया। उस वृद्ध ने किराया देने के लिए कुछ दिनों की मोहलत मांगी लेकिन मकान मालिक ने एक नहीं सुनी। आखिर पड़ोसियों को उस वृद्ध पर दया आई और उन्होंने



मकान मालिक से अनुरोध किया कि उसे कुछ समय दे दो। मकान मालिक ने सभी के कहने पर उसे कुछ समय के लिए और रहने की मोहलत दे दी। वृद्ध खुश होकर फिर से अपना सामान अंदर ले गया। उस दौरान रास्ते से गुजर रहा एक पत्रकार रुककर यह नजारा देख रहा था। उसने सोच की यह तो हद हो गई। इस घटना को तो अखबार में छापना चाहिए। उसने शीर्ष भी सोच लिया, ‌‌‌ह्लक्रूर मकान मालिक, बूढ़े को पैसे के लिए किराए के घर से बाहर निकाल देता है‌ह्व फिर उसने किराएदार वृध की और किराए के घर की कुछ फोटो भी ले लीं।

यह खबर लेकर वह अपने दफ्तर में पहुंचा और इस घटना के बारे में अखबार के मालिक को बताया। मालिक फोटो देखकर हैरान रह गया और उसने पत्रकार से पूछा, क्या तुम इस बूढ़े किराएदार के जानते हो? पत्रकार ने कहा, नहीं।

इसके बाद अगले दिन अखबार के फ्रंट पेज पर बड़ी खबर छपी जिसका शीर्षक था, ह्लभारत के पूर्व प्रधानमंत्री गुलजारीलाल नंदा एक दयनीय जीवन जी रहे हैंह्व। न्यूज में आगे लिखा था कि कैसे पूर्व प्रधानमंत्री किराया नहीं दे पा रहे थे और कैसे उन्हें मकान मालिक घर से बाहर निकाल दिया गया था। टिप्पणी की थी कि एक व्यक्ति जो दो बार पूर्व प्रधानमंत्री रह चुका है और लंबे समय तक केंद्रीय मंत्री भी रहा है, उसके पास अपना खुद का घर भी नहीं है।

इस खबर के बाद दूसरे दिन वर्तमान प्रधानमंत्री ने मंत्रियों और अधिकारियों के वाहनों के एक काफिले को उनके घर भेजा। इतने वाहन और वीआइपी वाहनों की कतारों को देखकर मकान मालिक भौचक्का रह गया। जब उसे यह पता चला कि मैंने जिसे किराए पर अपने मकान में रखा है वह और कोई नहीं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री श्री गुलजारीलाल नंदा है तो वह अपने दुर्व्यवहार पर बहुत ही शर्मिंदा हुआ और तुरंत ही गुलजारीलाल नंदा के चरणों में झुककर माफी मांगने लगा।

बाद में सरकारी अधिकारियों ने गुलजारीलाल नंदा से सरकारी आवास और अन्य सुविधाएं में रहने का अनुरोध किया, लेकिन श्री गुलजारीलाल नंदा ने कहा कि इस बुढ़ापे में ऐसी सुविधाओं का क्या काम। यह कह कर उनके प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया। गुलजारीलाल नंदा अंतिम श्वास तक वे एक सामान्य नागरिक की तरह, एक सच्चे गांधीवादी बनकर रहे। 1997 में सरकार ने उन्हें भारत रत्न से सम्मानित भी किया।

दरअसल गुलजारीलाल नंदा एक स्वतंत्रता सेनानी थे और उन्हें तब 500 रुपए प्रति माह भत्ता मिलता था। लेकिन उन्होंने यह कहते हुए इस रुपए को लेने से मना कर दिया था कि उन्होंने स्वतंत्रता सेनानियों के भत्ते के लिए लड़ाई नहीं लड़ी थी। बाद में मित्रों ने उन्हें यह स्वीकार करने के लिए विवश कर दिया यह कहते हुए कि उनके पास इसके अलावा धन का अन्य कोई स्रोत नहीं है। इसी रुपयों से वह अपना किराया देकर गुजारा करते थे।

# बेटे ने पिता के कंधे पर लगाए सितारे... जानिए इस तस्वीर के पीछे की पूरी कहानी

**एक** पिता के लिए इससे बड़ा दिन क्या होगा... जब पिता सब इंस्पेक्टर बने तो उसके कंधे पर सितारे उसका आईपीएस बेटा लगाए. उत्तर प्रदेश में 2014 बैच के आईपीएस अनूप सिंह और उनके पिता जनार्दन सिंह की ऐसी ही कुछ कहानी है. ये दोनों ऐसे ही पिता-पुत्र हैं, जहां एक पिता अपने अफसर बेटे को ड्यूटी पर सामने पड़ने पर सैल्यूट करता है. जिस पिता ने सिपाही की नौकरी कर अपने बेटे को आईपीएस बनाया, आज वही आईपीएस बेटा प्रमोशन पाने वाले पिता के कंधे पर सितारे लगा रहा है. सोशल मीडिया पर यूपी कैडर के आईपीएस अनूप सिंह और उनके सब इंस्पेक्टर हुए पिता जनार्दन सिंह की तस्वीर तेजी से वायरल हो रही है.

आईपीएस अनूप सिंह और दरोगा जनार्दन सिंह की कहानी कम फिल्मी नहीं है. उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही से भर्ती हुए जनार्दन सिंह बस्ती के पिपरा गौतम गांव के रहने वाले हैं. जनार्दन सिंह के परिवार में उनकी पत्नी कंचन सिंह और एक बेटी-एक बेटा है. जनार्दन सिंह ने बचपन से ही अपने



बेटे को आईपीएस बनाने का सपना देखा और बाराबंकी-अंबेडकर नगर समेत जहां भी पोस्टिंग हुई अनूप को पढ़ाई में प्रेरित किया. अनूप सिंह ने इलाहाबाद विश्वविद्यालय ग्रेजुएशन करने के बाद जेएनयू में एडमिशन लिया और वहां से भूगोल में टआ किया. उसके बाद अनूप सिंह ने यूपीएससी क्वालिफाई किया.

वर्तमान में अनूप सिंह लखनऊ में टेक्निकल सर्विसेज में एसपी के पद पर तैनात हैं. अनूप सिंह की पोस्टिंग की बात करें तो अलीगढ़ और गाजियाबाद में एएसपी के बाद अनूप सिंह को उन्नाव का एडिशनल एसपी बनाया गया. अक्टूबर 2018 में लखनऊ एसपी नॉर्थ बनाया गया. अनूप सिंह एसपी श्रावस्ती भी रहे. कानपुर में कमिश्नररेट लागू हुई तो अनूप सिंह को डीसीपी ईस्ट बनाकर भेजा गया.

वर्तमान में बीते सितंबर 2022 से अनूप पुलिस मुख्यालय में एसपी टेक्निकल सर्विसेज के पद पर तैनात है. अनूप अक्टूबर 2018 में जब एसपी नॉर्थ बनकर लखनऊ आए तो उनके पिता जनार्दन सिंह लखनऊ के ही विभूति खंड थाने में दीवान थे. अब जनार्दन सिंह प्रमोशन पाकर सब इंस्पेक्टर हुए हैं और सीबीसीआईडी में तैनात हैं. कंधे पर सब इंस्पेक्टर के स्टार लगाते हुए उनके आईपीएस बेटे ने यह तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट की है.



# फुटपाथ पर रहने वाले लोग भी इंसान हैं

## उन्हें हटाने का आदेश नहीं दे सकते : उच्च न्यायालय

मुंबई : बंबई उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दक्षिण मुंबई में फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को हटाने का निर्देश देने वाले किसी भी आदेश को पारित करने से इनकार कर दिया और कहा कि लोगों का बेघर होना एक वैश्विक मुद्दा है तथा फुटपाथ पर रहने वाले लोग भी बाकी लोगों की तरह ही इंसान हैं। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और नीला गोखले की खंडपीठ शहर के फुटपाथों और पटरी पर अनधिकृत विक्रेताओं तथा फेरीवालों के कब्जे के मुद्दे पर उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान (स्वयं) ली गई याचिका पर विचार कर रही थी।



बंबई बार एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि कई लोग दक्षिण मुंबई में फाउंटेन क्षेत्र के पास फुटपाथों और पटरियों पर रहते और सोते हैं। याचिका में कहा गया है कि कार्रवाई के लिए शहर की पुलिस और बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) को भी पत्र लिखे गए हैं। पीठ ने हालांकि सवाल किया कि ऐसे मामलों में क्या न्यायिक आदेश पारित किया जा सकता है? अदालत ने कहा, ''क्या आप कह रहे हैं कि शहर को गरीबों से छुटकारा मिलना चाहिए? ये वे लोग हैं जो दूसरे शहरों से यहां अवसरों की तलाश में आते हैं। बेघर व्यक्तियों का मुद्दा एक वैश्विक मुद्दा है।'' न्यायमूर्ति पटेल ने कहा, ''वे (बेघर लोग) भी इंसान हैं। वे गरीब या कम भाग्यशाली हो सकते हैं लेकिन वे भी मनुष्य हैं और वे (बेघर लोगों को) अदालत की नजर में अन्य इंसानों के समान ही इंसान हैं।'' एसोसिएशन के वकील मिलिंद साठे ने सुझाव दिया कि फुटपाथ और पटरी पर रहने वाले ऐसे व्यक्तियों के लिए रैन बसेरों की व्यवस्था की जानी चाहिए। पीठ ने कहा कि यह एक समाधान है जिस पर अधिकारी विचार कर सकते हैं।

# शिंदे-फडणवीस सरकार को संजय राउत की चुनौती

## जेल हो गई, अब फांसी...

**महाराष्ट्र :** उद्धव गुट के राज्यसभा सांसद संजय राउत शिंदे गुट पर लगातार जुबानी हमले कर रहे हैं. पार्टी से नाम शिवसेना और चुनाव चिन्ह हाथ से जाने के बाद राउत एक के बाद एक बयान दे रहे हैं. महाराष्ट्र के कोल्हापुर में उन्होंने बड़ा बयान दिया है. इसबार राउत ने राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुट के विधायकों को चोरी का गिरोह बता दिया है. साथ ही उन्होंने शिंदे सरकार को चैलेंज कर दिया है. उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि अब



फांसी पर चढ़ाने जा रहे हो तो फांसी पर चढ़ा दो. अधिकार उल्लंघन समिति के नोटिस और 3 मार्च तक जवाब मांगे जाने के बाद उन्होंने यह बात कही है.

### कानून व्यवस्था को लेकर उठाया सवाल

संजय राउत से जब संदीप देशपांडे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि, किसी पर इस तरह हमला करना उनके लिए ठीक नहीं है. लगातार मुखर होकर बोल रहे सांसद राउत ने राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठाया और महाराष्ट्र सरकार को कटघरे में खड़ा किया. उनका कहना है कि संदीप देशपांडे पर अज्ञात लोगों ने हमला किया. उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर भी सवालिया निशाना खड़ा किया. अधिकार उल्लंघन समिति पर हमला बोलते हुए संजय राउत ने कहा कि, सरकार अवैध होने से चीजें अवैध रूप से चल रही हैं. राउत ने कहा कि देश को अपमानित करने वाला मैंने कोई भी बयान नहीं दिया है. उन्होंने यह बात एक खास ग्रुप को लेकर कही थी, पार्टी का नाम और चुनाव चिन्ह को लेकर यह बात कही गयी थी.

### विधानमंडल को बताया था चोर मंडल

**कसबा पेठ सीट को बीजेपी के हारने पर भी राउत ने हमला बोला. इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार की जीत हुई है. राउत ने कहा कि महाविकास अघाड़ी मजबूती से आगे बढ़ रही है. उन्होंने कहा कि महाविकास अघाड़ी की एकजुटता के नतीजे सामने आ रहे हैं. बता दें कि राउत के बयान से महाराष्ट्र की राजनीति गमार्ती जा रही है. उनके बयान के बाद जमकर हंगामा हुआ था और भारतीय जनता पार्टी ने कार्रवाई की मांग की थी. संजय राउत ने मीडिया से बात करते हुए विधानमंडल को चोर मंडल बताया था, जिसके बाद सत्ता पक्ष के लोगों ने इसे लेकर हंगामा किया.**

# ठाणे में 4.7 लाख रुपये की शराब हुई गायब, चालक के खिलाफ मामला दर्ज...

**ठाणे :** मुंबई के चेंबूर इलाके में आपूर्ति के लिए भेजी गई खेप से 4.7 लाख रुपये मूल्य की शराब कथित तौर पर गायब होने के मामले में एक ट्रक चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित एक उत्पादक से ट्रक चालक ने 28 दिसंबर, 2002 को शराब की




300 पेटियां हासिल की थीं जिन्हें एक वितरक के पास पहुंचाना था। पुलिस के मुताबिक, गंतव्य पर पहुंचकर चालक ने दावा किया कि किसी व्यक्ति ने 4,76,160 रुपये मूल्य की 14 पेटियां चोरी कर लीं।

अधिकारी के मुताबिक, चालक ने कहा कि यह चोरी तब हुई जब वह ठाणे के भिवंडी में रात को खाना खा रह था। शराब कंपनी की शिकायत के आधार पर ठाणे की ग्रामीण पुलिस ने चालक के खिलाफ विश्वासघात करने का आपराधिक मामला दर्ज किया है, लेकिन अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# मुंबई लोकल ट्रेन में सहयात्री के मारपीट करने के बाद बुजुर्ग व्यक्ति की मौत



**ठाणे :** ठाणे के टिटवाला स्टेशन से मुंबई जा रही है एक लोकल ट्रेन में झगड़े के बाद सहयात्री द्वारा कथित तौर पर मारीपीट करने और धक्का दिये जाने के बाद 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की 'लगेज कंपार्टमेंट' में मौत हो गई। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

यह घटना कल्याण और टिटवाला स्टेशन के बीच मध्य रेलवे मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर को घटी। अन्य यात्रियों ने इस घटना में शामिल संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ कर, उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

# ठाणे में महिला पर चाकू से हमला, झोपड़ी में शव मिला...

**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के कलवा में 33 वर्षीय एक महिला का शव उसकी झोपड़ी में मिला, जिस पर चाकू



से कई बार वार किए जाने के निशान हैं। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी और कहा कि हत्या का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक, जयभीम नगर इलाके में महिला का शव बृहस्पतिवार शाम को मिला। मृतक महिला की पहचान कमलीबाई पवार के रूप में की गई है और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, ''पुलिस टीम को सूचना मिली थी कि महिला घायल अवस्था में अपने घर में पड़ी है। टीम मौके पर पहुंची और महिला को खून से लथपथ पाया, जिस पर चाकू से कई बार हमले किए गए थे। अधिकारी के मुताबिक, किसी ने धारदार हथियार से उस पर हमला किया था। उन्होंने कहा कि महिला को एक नजदीकी सरकारी अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने कहा कि हत्या के कारणों का पता लगाने और आरोपी की पहचान करने के लिए मामले की जांच की जा रही है।



# नवी मुंबई मे राष्ट्रवादी क्रिकेट चषक समारोह संपन्न

**संवाद दाता : नवी मुंबई**

सीबीडी बेलापूर नवी मुंबई के राजीव गांधी स्टेडियम मे राष्ट्रवादी युवक कॉँग्रेस की तरफ से राष्ट्रवादी क्रिकेट चषक 2023 का आयोजन किया गया था. फायनल मॅच आर्टिस्ट व्हिलेज इलेव्हन आर आप्पा स्ट्रायकर इन के बीच खेला गया. इसमे आर्टिस्ट व्हिलेज इलेव्हन मे बाजी मारी. आप्पा स्ट्रायकर को उपविजेता घोषित किया गया. नवी मुंबई राष्ट्रवादी युवक कॉँग्रेस के बेलापूर तालुका अध्यक्ष श्री प्रशांत तडाखे और नवी मुंबई राष्ट्रवादी युवक कॉँग्रेस के जिला सचिव श्री प्रशांत पाटील के अगुवाई में इसका आयोजन किया गया. इसका उद्घाटन राष्ट्रवादी







कॉँग्रेस पार्टी नवी मुंबई जिल्हाध्यक्ष श्रीयुत नामदेव भगत और नवी मुंबई के निरीक्षक श्री प्रशांत पाटील ने किया. पुरस्कार समारोह मे मुख्य अतिथी के रूप मे राष्ट्रवादी कॉँग्रेस पार्टी नवी मुंबई जिल्हाध्यक्ष नामदेव जी भगत पूर्व नगरसेवक राजू भैय्या शिंदे नवी मुंबई राष्ट्रवादी कॉँग्रेस सेवा दल के अध्यक्ष श्री संतोष आहेर , नवी मुंबई राष्ट्रवादी कॉँग्रेस पार्टी के जिल्हा सचिव श्री दत्ता माने, जिल्हा महासचिव नितीन सावंत नवी मुंबई राष्ट्रवादी कॉँग्रेस पार्टी महिला महासचिव श्रीमती अस्मिता पाटील राष्ट्रवादी युवक कॉँग्रेस पार्टी नवी मुंबई के जिला कार्याध्यक्ष नितीन सावंत राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के बेलापूर तालुका अध्यक्ष श्री प्रशांत तडाके जिल्हा महासचिव श्री प्रशांत पाटील सेवादल के रमेश मिस्त्री राष्ट्रवादी कॉँग्रेस पार्टी नवी मुंबई जिल्हा महासचिव जसपाल अटवाल श्री भारद्वाज और अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे

## पालघर में एक नाबालिग के साथ बलात्कार, गुनहगार को 20 साल की कैद



**पालघर :** महाराष्ट्र में पालघर की एक अदालत ने साले की नाबालिग बेटी से 2019 में कई बार बलात्कार करने के जुर्म में एक व्यक्ति को 20 साल कैद की सजा सुनायी है। विशेष न्यायाधीश एम. एस. देशपांडे ने मंगलवार को आरोपी को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) तथा बाल यौन अपराध संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के तहत दोषी ठहराया। अदालत के आदेश का ब्योरा बृहस्पतिवार को उपलब्ध हुआ। नाबालिग पीड़िता का पिता मछुआरा है और कुछ समय पहले उसकी मां मर गयी थी। ऐसे में वह अपनी दादी और अन्य रिश्तेदारों के संरक्षण में थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार अभियुक्त 2019 में अक्सर तब उसके साथ बलात्कार करता था जब कोई उसके आसपास नहीं होता था।

# महाराष्ट्र उपचुनाव में बीजेपी को झटका !

### पुणे की कसबा सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर विजयी

मुंबई: महाराष्ट्र के पुणे जिले की दो विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनाव के लिए बृहस्पतिवार को जारी मतगणना के बाद कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर कसबा सीट पर उपचुनाव जीत गए हैं, जबकि बीजेपी की उम्मीदवार अश्विनी जगताप ने चिंचवड़ सीट पर बढ़त हासिल कर ली है।

धंगेकर को उप चुनाव में 73194 वोट मिले हैं जबकि बीजेपी के हेमंत रासने के 62224 को वोट मिला है। खास बात यह है कि यह दोनों ही सीटें बीजेपी का गढ़ मानी जाती हैं। ऐसे कसबा सीट पर बीजेपी को मिली पराजय



आने वाले चुनाव में एमवीए के लिए संजीवनी का काम करेगी।




रवींद्र धंगेकर ने 11 हजार 40 मत से बीजेपी उम्मीदवार को हराया।

### एमवीए और शिंदे बीजेपी गंठबंधन में कड़ा मुकाबला...

**बीजेपी विधायक मुक्ता तिलक (कसबा) और लक्ष्मण जगताप (चिंचवड़) के निधन के कारण दोनों सीटों पर उपचुनाव की आवश्यकता हुई थी। उपचुनाव 26 फरवरी को हुए थे और औसत मतदान 50 प्रतिशत रहा था। चुनाव में बीजेपी और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना और कांग्रेस, एनसीपी और शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे गुट) के महाविकास आघाड़ी (एमवीए) गठबंधन के बीच कड़ा मुकाबला है। कसबा निर्वाचन क्षेत्र पुणे शहर के पुराने इलाके में स्थित है और एमवीए कांग्रेस उम्मीदवार रवींद्र धंगेकर का समर्थन कर रहा है। पुणे के पास औद्योगिक शहर चिंचवड़ में मुकाबला बीजेपी के अश्विनी जगताप, एनसीपी के नाना काटे और निर्दलीय राहुल कलाटे के बीच माना जा रहा है।**

## महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री शिंदे ने राकांपा के नेता नवाब मलिक को 'राष्ट्र-विरोधी' कहा



**मुंबई :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने जेल में बंद राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता तथा राज्य के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को बृहस्पतिवार को ''राष्ट्र-विरोधी'' कहा और विपक्ष के विरूद्ध पूर्व में की गई टिप्पणी वापस लेने से मना कर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि यदि किसी राष्ट्र-विरोधी व्यक्ति को राष्ट्र-विरोधी कहना अपराध है, तो वह 50 बार ऐसा करेंगे। मलिक दाउद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से जुड़े धनशोधन मामले में पिछले साल गिरफ्तारी के बाद से जेल में बंद हैं। शिंदे ने राज्य की विधानसभा परिषद में यह आरोप लगाया। इससे एक दिन पहले नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे ने विपक्षी पार्षदों को कथित तौर पर ''राष्ट्र-विरोधी'' कहने के लिए शिंदे के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस दिया था। राज्य विधानसभा के बजट सत्र की पूर्व संध्या पर, विपक्ष ने मुख्यमंत्री द्वारा आयोजित परंपरागत चाय पार्टी का बहिष्कार किया था। बाद में, विपक्ष के बहिष्कार का जिक्र करते हुए शिंदे ने कहा कि इसकी वजह से वह ''राष्ट्र-विरोधियों'' के साथ चाय पीने से बच गए। उन्होंने कहा था कि यह अच्छा है कि विपक्ष चाय पार्टी में नहीं आया क्योंकि उनमें से कुछ के आतंकवादी दाऊद इब्राहिम के साथ संबंध हैं। शिंदे की इस टिप्पणी से नाराज विपक्ष ने उनके खिलाफ परिषद की उपसभापति नीलम गोरहे के कार्यालय में विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था।

# नकली नोट का 'आर्टिस्ट' गिरफ्तार, ऐसे सीखा फेक नोट बनाना

**महाराष्ट्र :** देश में नकली नोट अब भी पकड़ में आ जाते हैं. ऐसा ही एक मामला महाराष्ट्र से सामने आया है. यहां पुलिस ने एक कुली को गिरफ्तार किया है, जो नकली नोट छापने का काम करता था. यह घटना महाराष्ट्र के जलगांव इलाके की है. चौंकाने वाली बात ये है कि उसने इस अपराध को यूट्यूब पर सीखा था. पुलिस के मुताबिक, अपने घर में ही नकली नोट छापने का काम करता था और उसे मार्केट में लोगों को देता था.

बड़ी बात यह है की किसी को शक ना हो इसलिए वो छोटे डिनॉमिनेशन की नोट छापा करता था. जलगांव के एसपी



एम. राजकुमार ने बताया कि आरोपी के पास से एक लाख 60 हजार रुपये की नकली नोट बरामद हुए हैं. आरोपी 100, 200 और 500 के नोट स्कैनर और प्रिंटर की मदद से छापा करता था.

**आरोपी को पुलिस ने रंगेहाथ पकड़ा**

गिरफ्तार आरोपी का नाम राजेंद्र आढाव बताया जा रहा है. आरोपी पेशे से कुली का काम करता था. एसपी एम. राजकुमार ने कहा, ''पुलिस ने आज सुबह जलगांव के MIDC सेक्टर एक इलाके में राजेंद्र के घर के छापा मारा और छापेमारी के दौरान राजेंद्र नकली नोट के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार हुआ.''उन्होंने कहा, ''इस मामले में हम जांच कर रहे हैं कि आखिर आरोपी ने इसके पहले और कितनी बार नोट छापे हैं और अगर छापे हैं तो किसे-किसे दिए हैं.'' पुलिस ने बताया, ''आरोपी ने यूट्यूब से सीखा था कि नकली नोट कैसे बनाया जाता है? उसने घर को ही नकली नोट छापने की फैक्ट्री बना डाली.''

# 1993 सीरियल धमाकों के सरकारी गवाह ने मुंबई पुलिस को शराब के नशे में किया कॉल, हुआ गिरफ्तार


**मुंबई :** मुंबई में पुलिस ने एक 52 वर्षीय शख्स को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने आरोपी की पहचान मंजूर कुरैशी के तौर पर की है. मंजूर कुरैशी पर आरोप है कि उसने नशे के हालत में पुलिस को कॉल कर झूठी शिकायत की है. मंजूर कुरैशी ने कॉल कर जानकारी दी थी कि दो लोगों ने उसे बीजेपी (इखढ) के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार को गोली मारने के लिए कहा है. उसने कहा कि वो पुलिस को कॉल इस वजह से कर रहा है, ताकि उसे मदद मिल सके. बता दें कि आरोपी साल 1993 में मुंबई में हुए सीरियल बम धमाकों के मामले में सरकारी गवाह (स्त्रस्त्र१ड्ड५ी१) रह चुका है. साथ ही आरोपी कई साल



जेल में भी बिता चुका है. बांद्रा इलाके के निर्मल नगर पुलिस ने बताया कि आरोपी मंजूर कुरैशी ने 28 फरवरी के दिन मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को कॉल किया.

**शराब के नशे में किया कॉल**

पुलिस ने कॉल के आधार पर बांद्रा इलाके में तलाशी लेना शुरू किया और कॉलर का पता लगाया. जिसके बाद पुलिस ने देखा कि वो शराब के नशे में था. पुलिस ने एक दिन इंतजार किया ताकि उसका नशा उतरे और आगे की जांच की जा सके. सूत्रों ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के रिश्तेदारों से पूछताछ की और कई लोगों से मामले को समझा. जिसके बाद पुलिस को पता चला कि मंजूर कुरैशी ने अपने रिश्तेदारों से शराब के लिए पैसे मांगे थे. उसके रिश्तेदारों परवेज कुरैशी और जावेद कुरैशी ने जब उसे पैसे देने से इंकार कर दिया, तब आरोपी मंजूर ने उन दोनों को सबक सिखाने के लिए मुंबई पुलिस के कंट्रोल पर कॉल कर दिया. जिसमें उसने कहा कि उसे उन दोनों ने बीजेपी के मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार को गोली मारने को कहा है.



# किरीट सोमैया ने आदित्य ठाकरे और राउत पर लगाए गंभीर आरोप

**मुंबई :** बीजेपी नेता और पूर्व सांसद किरीट सोमैया ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और उनके बेटे आदित्य ठाकरे सहित ठाकरे गुट के सांसद संजय राउत पर पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कोविड काल में एक एक चाय वाले की कंपनी को 100 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया। सोमैया ने कहा कि बेटे ने उस कंपनी को ठेका दिया जिस पर पिता ने रोक लगाई थी।



बुधवार को पत्रकार परिषद को संबोधित करते हुए पूर्व सांसद सोमैया ने सवाल उठाते हुए कहा कि अब किसका नंबर है, सुजीत पाटकर या संजय राउत का? उन्होंने कहा कि 100 करोड़ रुपए का कोविड घोटाला सामने आया है। मुंबई पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। करोड़ों की हेराफेरी पाई गई है।

### आयकर विभाग, ईडी और मुंबई पुलिस कर रही मामले की जांच

सोमैया ने कहा कि इस मामले में कुछ को आयकर विभाग ने, कुछ को ईडी ने और कुछ को मुंबई पुलिस ने ट्रेस किया था। संजय राउत के साथी सुजीत पाटकर की कंपनी लाइफ लाइन हॉस्पिटल मैनेजमेंट सर्विस को मुंबई महानगरपालिका से कुल 32 करोड़ रुपए मिले थे जिसमें से 14 करोड़ 3 लाख 29 हजार 839 रुपए अलग बैंक खाते में भेजे गए। सोमैया ने कहा कि इस बात की जांच चल रही है कि इस बैंक खाते से पैसा किसने निकाला। आयकर खाते की जांच की जा रही है। आयकर विभाग, ईडी और मुंबई पुलिस मामले की जांच कर रही है।


### सोमैया के खिलाफ कोर्ट जाएंगे संजय राउत

महाविकास आघाड़ी के नेताओं के खिलाफ मोर्चा खोलने वाले पूर्व सांसद किरीट सोमैया पर करोड़ों रुपए जमा करने का आरोप लगाते हुए शिवसेना सांसद संजय राउत ने अदालत में जाने की चेतावनी दी है। कोल्हापुर में पत्रकारों को संबोधित करते हुए राउत ने कहा कि आईएनएस विक्रांत के नाम पर सोमैया ने करोड़ों रुपए जमा किया है। यह पैसा कहां गया इसका पता नहीं चल सका है। मामले की जांच शुरू थी। तभी सरकार बदल गई और चोरों को क्लीन चिट दे दी गई। इस सरकार ने अब तक 28 चोरों को क्लीन चिट देने का काम किया है। राउत ने कहा कि वे इस मामले में खुद ही अदालत में याचिका दायर करेंगे। राउत ने कहा कि सरकार के विरोध में बोलने वाले को जेल में डालने और उन्हें बदनाम करने का काम शुरू है। राउत ने यह भी कहा कि वर्ष 2024 में जनता सबका हिसाब लेगी।

## एक चाय वाले की कंपनी को 100 करोड़ रुपए का ठेका

**पूर्व सांसद सोमैया ने पत्रकारों के सवाल के जवाब में कहा कि एक चाय वाले की कंपनी को एक कोविड सेंटर के लिए 100 करोड़ रुपए का ठेका दिया गया था। तत्कालीन मंत्री आदित्य ठाकरे ने इस कंपनी को वर्ली में आईसीयू का ठेका दिया था, जिसे पुणे में पीएमआरडीए ने प्रतिबंधित कर दिया था। तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पीएमआरडीए के अध्यक्ष थे। कोविड सेंटर में महज आठ दिनों में तीन कोविड मरीजों की मौत हो गई थी। इसलिए इस कंपनी पर प्रतिबंध लगा दिया गया था, लेकिन बेटे ने वर्ली कोविड सेंटर के आईसीयू का ठेका उस कंपनी को दे दिया जिस पर पिता ने रोक लगा दी थी। इसके अलावा, दहिसर आईसीयू का ठेका भी इसी कंपनी को दिया गया था।**

# महाराष्ट्र में 10वीं की परीक्षा, 15 लाख 77 हजार 256 विद्यार्थी देंगे एग्जाम



**पुणे :** महाराष्ट्र स्टेट बोर्ड की 10वीं की परीक्षा आज गुरुवार से शुरू होगी। राज्य बोर्ड द्वारा दसवीं की परीक्षा 2 मार्च से 25 मार्च तक आयोजित की जाएगी। इस साल 10वीं कक्षा की परीक्षा के लिए महाराष्ट्र के कुल 23 हजार 10 विद्यालयों के कुल 15 लाख 77 हजार 256 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया हैं। हालांकि, इस वर्ष 10वीं के छात्रों के रजिस्ट्रेशन में कमी देखने को मिल रही है।

महाराष्ट्र राज्य माध्यमिक और उच्च माध्यमिक बोर्ड के अध्यक्ष शरद गोसावी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर 10वीं के परीक्षा के संबंध में जानकारी दी। गोसावी ने बताया कि पिछले साल की तुलना में इस वर्ष 10वीं की परीक्षा के लिए लगभग 61 हजार विद्यार्थी कम हुए है। उन्होंने बताया कि राज्य में सीबीएसई, आईसीएसई स्कूलों की संख्या बढ़ने और इस आयु वर्ग के विद्यार्थियों की संख्या में आई कमी के कारण विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन में कमी होगी। इस मौके पर बोर्ड सचिव अनुराधा ओक, माणिक बांगर आदि मौजूद थे।

### विद्यार्थियों की काउंसलिंग

इस साल 100 फीसदी सिलेबस पर परीक्षा होगी। इसके साथ ही 12वीं की तरह 10वीं के विद्यार्थियों को भी दस मिनट अतिरिक्त मिलेंगे। विद्यार्थियों और अभिभावकों से सोशल मीडिया के शेड्यूल के भरोसे नहीं रहने की अपील की गई है। केवल बोर्ड द्वारा प्रकाशित आधिकारिक कार्यक्रम पर विचार किया जाना चाहिए। विद्यार्थी परीक्षाओं को लेकर निराश न हों, इसलिए काउंसलर नियुक्त किए गए हैं।

### प्रश्न पत्रिकाओं की केंद्र तक ले जाते होगी जीपीएस ट्रैकिंग

12वीं की तरह 10वीं के प्रश्न पत्रों को परीक्षा केंद्र तक ले जाते समय जीपीएस ट्रैकिंग की जाएगी। साथ ही विद्यार्थियों को प्रश्न पत्रों का वितरण करते समय उसका वीडियो बनाया जाएगा। कदाचार रोकने के लिए नकल मुक्त अभियान के तहत परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी।

### बोर्ड ने मांगी माफी

12वीं कक्षा के अंग्रेजी के प्रश्न पत्रिका में हुई गलतियों के लिए बोर्ड ने खेद जताया है। इस तरह की घटनाओं से विद्यार्थी, छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों आदि के बीच बोर्ड की विश्वसनीयता में कम हो सकती है, लेकिन छात्रों को कोई नुकसान नहीं होगा। छात्रों को न्याय दिलाने के लिए सतर्कता बरती जाएगी। यह आश्वासन शरद गोसावी ने दिया है।

# शिवसेना विभाग प्रमुख की हत्या, दो आरोपी गिरफ्तार



**ठाणे :** ठाणे के मुख्य बाजार पेठ और स्टेशन परिसर में फेरीवालों से हफ्ता उगाही को लेकर हुए विवाद में मंगलवार की रात शिवसेना के नवनियुक्त विभाग प्रमुख रविंद्र परदेसी की हत्या कर दी गई। हत्या के इस मामले में ठाणे नगर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों ध्रुव पटवा और अशरफ हजरत अली को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि यह गिरफ्तारियां सीसीटीवी फुटेज के आधार पर की गई हैं। पुलिस का कहना है कि मंगलवार की रात 11:00 बजे के आसपास दोनों आरोपियों ने शिवसेना विभाग प्रमुख रविंद्र परदेसी पर चापर से प्राणधातक हमला किया। घायल अवस्था में उसे ठाणे के जुपिटर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बारक्या उर्फ राजेंद्र परदेशी मृतक का छोटा भाई है। बताया जाता है कि यहां के फेरीवालों में बारक्या का वर्चस्व था, लेकिन उसकी मौत के बाद रवखिंद्र परदेसी फेरीवालों में अपना वर्चस्व स्थापित करने की कोशिश में जुटा हुआ था। बताया जाता है कि परदेसी की हत्या करने वाले दोनों आरोपी फेरीवाला हैं। हत्या का आरोपी पटवा जहां जांभली नाका परिसर का निवासी है तो वहीं दूसरा आरोपी अशरफ पनवेल का निवासी बताया गया है।

# धूल खा रही है रिसायकल योजना की फाइल

**मुंबई :** मनपा ने मुंबई में प्लास्टिक के बढ़ते उपयोग और उससे होनेवाले नुकसान को रोकने लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पाबंदी लगाई है। ऐसे में मनपा ने इन जब्त और जमा होनेवाले प्रतिबंधित प्लास्टिक को रिसायकल करने की योजना भी बनाई थी। लेकिन यह योजना फिलहाल ठंडे बस्ते में चली गई है। इसका परिणाम यह हो रहा है कि मनपा द्वारा जब्त और जमा प्लास्टिकों का रिसायकल करना मुश्किल हो रहा है, जिसके चलते मनपा के गोदामों में कई टन प्लास्टिक का पहाड़ खड़ा हो गया है। मुंबईकरों ने कहना शुरू कर दिया है कि मनपा प्लास्टिक मुक्ति की झूठी दहाड़ मार रही है।



एक अधिकारी के अनुसार, जब मुंबई में प्लास्टिक बंदी लागू की गई थी। उसके बाद महाविकास आघाड़ी सरकार में पर्यावरण मंत्री रहे आदित्य ठाकरे की अगुवाई में योजना बनाई गई कि जमा प्लास्टिक को एकत्रित कर उसका रिसायकल कर दूसरे महत्वपूर्ण वस्तुओं का निर्माण किया जाएगा, जिसमें बेंच, डस्टबिन, स्कूली स्टेशनरी आदि समान बनाने की योजना थी। इसे लागू करने के लिए आदित्य ठाकरे ने जोर दिया था। आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में यह पटरी पर लाने की पूरी तैयारी थी। लेकिन अचानक राज्य में महाविकास आघाड़ी सरकार गिर गई, तब से आई नई 'मिंधे' सरकार ने इस योजना पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया। मनपा में प्रशासक ने भी इसे दरकिनार कर दिया है। वर्ष २०१८ में १ जुलाई को मनपा ने प्रतिबंधित प्लास्टिक के खिलाफ पाबंदी अभियान चलाकर सख्त कदम उठाया। लाइसेंस विभाग के वॉर्ड स्तर पर गठित टीमों ने प्रतिबंधित प्लास्टिक को जब्त करने के लिए बाजारों, दुकानों और प्रतिष्ठानों पर छापा मारा और कई टन प्लास्टिक जब्त किया, जो आज भी गोदामों में पड़े हुए हैं।

# विपक्ष आक्रामक 'किसानों को १२ घंटे बिजली दो वर्ना कुर्सी खाली करो'

**मुंबई :** 'किसानों की बिजली काटना बंद करो..., घरेलू गैस के दाम बढ़ाने वाली 'ईडी' सरकार का धिक्कार हो..., किसान विरोधी सरकार का धिक्कार हो..., किसानों को बारह घंटे बिजली दो, वर्ना कुर्सी खाली करो, बिजली से पंप नहीं है, पंप से फसल नहीं है, फसल नहीं होने से किसान मर रहे हैं, शिंदे सरकार ने किया क्या, विज्ञापन के सिवाय और किया क्या..., खेत को पानी नहीं, माल को भाव नहीं, महाराष्ट्र की बत्ती गुल, 'खोके' सरकार की जेब फुल...', ऐसे गगनभेदी नारे लगाते हुए महाविकास आघाड़ी के विधायकों ने कल तीसरे दिन



विधिमंडल की सीढ़ी पर बैठकर 'ईडी' सरकार के खिलाफ आक्रामक भूमिका अख्तियार की। सत्र के दूसरे दिन प्याज और कपास के मुद्दे के बाद कल तीसरे दिन महाविकास आघाड़ी के विधायक बिजली और गैस मूल्य वृद्धि के मुद्दे पर आक्रामक दिखाई दिए। 'चोर मचाए शोर' लिखे बैनर को लहराकर महाविकास आघाड़ी सरकार के कार्यकाल में विरोध प्रदर्शन करनेवाले भाजपा विधायक प्रसाद लाड, राम सातपुते, प्रवीण दरेकर का निषेध व्यक्त किया गया। प्रतिपक्ष के नेता अजीत पवार और विधान परिषद विरोधी दल नेता अंबादास दानवे के नेतृत्व में महाविकास आघाड़ी के विधायकों ने विधिमंडल की सीढ़ियों पर बैठकर 'ईडी' सरकार की झूठी घोषणाबाजी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।



शिशु के जन्म पर हर समाज में अपने पारंपरिक रीति-रिवाज होते हैं। ये रिवाज पीढ़ियों से चले आ रहे हैं। घर के बुजुर्गों में इन रिवाजों के लिए आस्था तो होती ही है, साथ ही उन्हें पूर्ण विश्वास भी होता है कि इन रिवाजों का मां एवं बच्चे पर सकारात्मक प्रभाव रहेगा। कुछ परंपराओं में वे सही भी होते हैं, लेकिन कई बार अनजाने में ही सही, ये रिवाज मां-बच्चे को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे ही कुछ रिवाज व उनके पीछे के वैज्ञानिक तथ्यों को आइए जानते हैं।

# परंपराएं और शिशु का स्वास्थ्य

**रिवाज :** आंखों में कोलोस्ट्रम (प्रसव के बाद पहले दो–तीन दिन में स्तन से आने वाला गाढ़ा दूध) डालना।

**तथ्य :** यह एक अच्छी परंपरा है, क्योंकि कोलोस्ट्रम में विशेष प्रकार के एंटीबॉडीज (आईजीए) होते हैं, जो कि शिशु की आंखों को इन्फेक्शन से बचाता है।

**रिवाज :** मां–बच्चे को सवा महीने अलग कमरे में रखना एवं घर के अन्य सदस्यों को उन्हें नहीं छूना।

**तथ्य :** इसके कई फायदे हैं।

- मां एवं बच्चे को इन्फेक्शन की आशंका कम हो जाती है।
- मां–बच्चे में अपनत्व की भावना जागती है।
- ठंड के दिनों में मां के शरीर की गर्मी से ही बच्चे का शरीर गर्म रहता है एवं वह अपने शरीर का तापमान आसानी से नियंत्रित कर लेता है।
- मां घर की अन्य दैनिक गतिविधियों से चिंतामुक्त रहती है, जिससे मां के दूध की मात्रा भी बढ़ती है एवं उसका पूरा ध्यान सिर्फ शिशु पर ही रहता है।

**भ्रांति :** आंखों में काजल या सूरमा लगाना।

**तथ्य :** नवजात की आंखें अत्यंत संवेदनशील होती हैं। इसलिए ये धारणा शिशु के स्वास्थ्य के लिए खतरनाक सिद्ध हो सकती है ।काजल लगाने से आंखों में संक्रमण का खतरा होता है, जिसे कंजक्टिवाइटिस कहते हैं। इसमें आंखों से पानी या मवाद आता है। सूरमा में लेड या सीसा की मात्रा अधिक होती है, जो कि बच्चे के रक्त में पहुंचकर प्लम्बिजब नाम की बीमारी की आशंका को बढ़ा देता है, जिससे बच्चे का शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरुद्ध हो जाता है तथा खून की कमी एवं अपच की शिकायत होती है।

- काजल लगाते वक्त सीधे अंगुली द्वारा भी आंखों को नुकसान हो सकता है। काजल में कार्सिनोजेंट्स होते हैं, जिससे कैंसर होने की आशंका होती है।

**भ्रांति :** जन्म के तुरंत बाद बच्चे को गुड़, शकर का पानी, शहद, गाय का दूध आदि देना।

**तथ्य :** शुरू के तीन दिन का दूध गाढ़ा एवं पीला होता है एवं बच्चे की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करता है। यह अत्यंत जरूरी होता है। अन्य पेय पदार्थों को देने से स्तनपान स्थापित करने में रुकावट तो आती है, साथ ही साथ बच्चे को इन्फेक्शन का खतरा भी बढ़ जाता है। बच्चे को डायरिया आसानी से हो सकता है।



**भ्रांति :** बच्चे की नाभि पर मिट्टी, घी, गाय का गोबर, कुमकुम आदि लगाना।

**तथ्य :** ऊपर बताई हुई चीजें लगाने पर टिटेनस की बीमारी की आशंका हो जाती है। शिशु की नाभि से लटकने वाली नाल का बाकी हिस्सा खुला छोड़ देना चाहिए।

**भ्रांति :** कान व नाक में तेल, दूध आदि डालना।

**तथ्य :** सर्वथा अनुचित है। ऐसा करने पर कान में पपड़ी जमना, फंगल इन्फेक्शन एवं सुनने की क्षमता कम होने की आशंका रहती है। नाक में कुछ डालने से सांस में रुकावट हो सकती है, जो कभी–कभार खतरनाक भी हो सकता है।

**भ्रांति :** नवजात शिशु को पुराने उपयोग किए हुए कपड़े पहनाना।

**तथ्य :** नवजात के कपड़े नर्म, मुलायम, वजन में हलके व पसीना सोखने वाले होना चाहिए। एकदम नए कपड़े कड़क होते हैं, साथ ही उनसे एलर्जी की आशंका रहती है, इसलिए नवजात को या तो नए कपड़े एक बार धोकर पहनाएं या फिर पुराने कपड़े बराबर धोकर एवं प्रेस किए हुए पहनाएं।

**भ्रांति :** बच्चे को जन्मघुट्टी या ग्राइपवाटर देना।

**तथ्य :** जन्मघुट्टी देने के पीछे सोच यह है कि इससे बच्चे को उसकी पेट की तकलीफ जैसे गैस बनना, मरोड़ आना, दूध नहीं पचना आदि में सहायता मिलती है, लेकिन इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है एवं साथ ही यह देखा गया है कि जन्मघुट्टी से बच्चे को दस्त अधिक लगते हैं। ऐसे ही ग्राइपवाटर में अल्कोहल होता है, जिससे बच्चे को कुछ समय के लिए नींद अवश्य आ जाती है, लेकिन यह बच्चे की तकलीफ का स्थायी हल नहीं होता है।





# आई फ्लू से बचाव के लिए

**बरसात के मौसम में होने वाली संक्रामक बीमारियों में आई-फ्लू प्रमुख है। यह एक ऐसा रोग है जो तेजी से फैलता है। देखते ही देखते मोहल्ले के कई लोग इस बीमारी की चपेट में आ जाते हैं। आम भाषा में इसे आंख या आंख दुखना कहते हैं।**

**चूंकि इस बीमारी** में आंख के सफेद भाग स्केलेरा के ऊपर स्थित एक पतली झिल्ली (जिसे डॉक्टरी भाषा में कंजक्टिवाइटिवा कहते हैं) वायरल संक्रमण के कारण सूज जाती है, इसलिए डॉक्टरी भाषा में इसे कंजक्टिवाइटिस कहा जाता है। इस रोग में कंजक्टिवा के साथ आंख का भीतरी श्वेत भाग भी सूज जाता है।

## प्रमुख कारण


- आई फ्लू से ग्रस्त आंख के कंजक्टिवा में सूजन के साथ–साथ आंख सुर्ख हो जाती है और उसकी पलकें भी सूज जाती हैं।
- रात को आंख में तकलीफ बढ़ जाती है। आंख में कंकड़ चुभने जैसा तकलीफ देह अहसास होता है।
- आंख में कीचड़ बहुत आता है। सुबह उठने पर दोनों पलकें आपस में चिपक जाती हैं। रोगी प्रकाश को सहन नहीं कर पाता।
- सिरदर्द, ज्वर एवं कान के पास सूजन भी किसी–किसी को हो जाती है।

## जल्द आराम के लिए निदान

- आई फ्लू से पीड़ित व्यक्ति के तौलिए, रूमाल इत्यादि प्रयोग में लाने, यहां तक कि छू लेने से यह एक– दूसरे तक फैल सकता है।
- आई फ्लू के रोगी से मुलाकात करते समय हाथ मिलाने के बजाय, नमस्ते से ही काम चलाना चाहिए।
- आई फ्लू से पीड़ित व्यक्ति की आंखों में आंखें डालकर बात नहीं करनी चाहिए।
- आई फ्लू से पीड़ित बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाहिए।

## सामान्य घरेलू उपचार

कुछ घरेलू उपचार दिए जा रहे हैं जिनको प्रयोग में लाने से आंखों को आराम मिलेगा।



# वाणी की गाड़ी का पीछा



**कई** बार सेलेब्स को फैंस की दीवानगी की वजह से काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। कुछ ऐसा ही वाकया वाणी कपूर के साथ हाल ही में हुआ। दरअसल, एक्ट्रेस अपनी कार से वसोर्वा से बांद्रा की ओर जा रही थीं और एक्ट्रेस का ड्राइवर उनकी कार चला रहा था। कुछ देर बाद नोटिस किया गया कि वाणी का एक फैन बाइक से उनका पीछा कर रहा है। ये देखते ही एक्ट्रेस के ड्राइवर ने कार की स्पीड तेज कर ली। लेकिन इसका भी कोई फायदा नहीं हुआ। बाइक राइडर लगातार वाणी की गाड़ी का पीछा करता रहा। लेकिन कुछ किलोमीटर के बाद आखिरकार वाणी की कार आगे निकल गई और वो सिरफिरा शख्स पीछे छूट गया। लेकिन जैसे ही वाणी वापस बांद्रा की तरफ आई वो बाइक सवार शख्स फिर से पीछे आ गया। इस बार तो वो वाणी से बात करने की जिद करने लगा। किसी तरह वाणी ने शख्स से पीछा तो छुड़ा लिया लेकिन वाणी के मन में उस शख्स का डर बैठ गया। इसके बाद उन्होंने शख्स के खिलाफ मुंबई के वर्सोवा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई और घर पहुंचकर राहत की सांस ली।

# देबीना बनर्जी की तबीयत बिगड़ी



मशहूर टीवी एक्ट्रेस देबीना बनर्जी इन्फ्लुएंजा बी वायरस की चपेट में आ गई हैं। एक्ट्रेस के प्रवक्ता की तरफ से यह जानकारी दी गई है। टीवी जगत की चर्चित अदाकारा देबीना बनर्जी को लेकर एक चिंताजनक खबर सामने आ रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक एक्ट्रेस की तबीयत खराब है, वह इन्फ्लुएंजा बी वायरस से संक्रमित हो गई हैं। बता दें कि अभिनेत्री की सेहत से जुड़ी यह जानकारी उनके प्रवक्ता की तरफ से दी गई है। फिलहाल अभिनेत्री अपने परिवार से दूर हैं। बता दें कि देबीना हाल ही में अपने परिवार के साथ श्रीलंका गई थीं। वहां से लौटने के कुछ दिनों बाद से उनकी तबीयत खराब है। जांच कराए जाने के बाद मालूम हुआ कि वह इन्फ्लुएंजा बी वायरस से संक्रमित हैं। हालांकि, देबीना के पति एक्टर गुरमीत चौधरी और उनकी दोनों बेटियां लियाना व दिविशा को संक्रमण नहीं हुआ है। सामने आ रही जानकारी के मुताबिक एक्ट्रेस भी अपने रिकवरी स्टेज पर हैं। देबीना के स्पोकपर्सन ने एक बयान जारी कर बताया है, देबीना की तबीयत में सुधार हो रहा है। वह काफी सावधानी बरत रही हैं और खानपान का भी ध्यान रख रही हैं। वह अपने बच्चों से दूर रहकर उनकी देखभाल कर रही हैं और जल्द ही ठीक होकर फिर से लौटेंगी। देबीना ने भी अपनी इंस्टा स्टोरी पर इसकी जानकारी दी है।

# मैं सिंगल हूं, प्यार के लिए अभी वक्त नहीं : कार्तिक



कार्तिक आर्यन ने हाल ही बातचीत में न सिर्फ अपनी आने वाली फिल्मों के बारे में बात की, बल्कि करियर के स्ट्रगल पर भी एक अहम चीज बोली। साथ ही कार्तिक ने अपना रिलेशनशिप स्टेटस बताने के साथ ही यह भी रिवील किया कि किसी लड़की में उन्हें क्या चीज अट्रैक्ट करती है। एक्टर कार्तिक आर्यन इस समय अपनी फिल्म शहजादा को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है, जिसे ठीक-ठाक रिस्पॉन्स मिल रहा है। कार्तिक आर्यन की आने वाली फिल्मों का लाइनअप काफी दिलचस्प है। एक तरफ उनके पास कबीर खान जैसे डायरेक्टर की फिल्म है, तो वहीं दूसरी ओर अनुराग बसु की भी एक फिल्म शामिल है। कार्तिक आर्यन ने हाल ही बातचीत में न सिर्फ अपकमिंग प्रोजेक्ट्स पर बात की, बल्कि यह भी दावा किया कि वह सिंगल हैं।

# एक्शन अवतार में नजर आएंगी प्रियंका

हिन्दी फिल्मों के साथ-साथ अब पूरी तरह से हॉलीवुड में रम चुकी प्रियंका चोपड़ा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रूसो ब्रदर्स द्वारा निर्देशित वेब सीरीज सिटाडेल से अपना पहला लुक जारी किया था। मुख्य स्टार कास्ट की पहली झलक के साथ प्रशंसकों का मनोरंजन करने के बाद, सिटाडेल के निर्माताओं ने टीजर जारी किया। आगामी एक्शन से भरपूर स्पाई थ्रिलर में प्रियंका चोपड़ा, रिचर्ड मैडेन और स्टेनली टुकी सहित कलाकारों की टुकड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। प्रियंका चोपड़ा द्वारा रूसो ब्रदर्स निर्देशित श्रृंखला से पहला लुक साझा करने के बाद, निर्माताओं ने 27 फरवरी को पहला टीजर जारी किया। हालांकि, वीडियो को किसी आधिकारिक खाते के बजाय एक फैन पेज द्वारा साझा किया गया था। क्लिप स्टेनली के साथ शुरू होती है, आप जो कुछ भी जानते हैं वह सब झूठ है। आप जो थे वह एक मिथक था। आप जो थे वह किला था। वीडियो में प्रियंका को मुस्कुराते हुए और रिचर्ड को किसी को घूरते हुए देखा जा सकता है। इसके बाद, तेज-तर्रार वीडियो में प्रियंका की कुछ दौड़ती हुई तस्वीरें भी हैं, जो एक कुलीन जासूस, नादिया सिंह की भूमिका निभाती नजर आएंगी। श्रृंखला, जिसमें लेस्ली मैनविल भी हैं, 28 अप्रैल को इसके पहले दो एपिसोड का प्रीमियर होगा। फैन पेज ने यह भी बताया कि सिटाडेल का आधिकारिक ट्रेलर 1 मार्च को जारी किया जाएगा। वेब सीरीज के टीजर में प्रियंका चोपड़ा और रिचर्ड मैडेन के एक्शन की झलक दिखाई दे रही है। आगामी 28 अप्रैल 2023 को इस वेब सीरीज के पहले दो एपिसोड का प्रीमियर होगा। वहीं इसका ट्रेलर कल यानी 1 मार्च 2023 को रिलीज किया जाएगा। हाल ही में प्रियंका चोपड़ा ने वेब सीरीज सिटाडेल से अपना फर्स्ट लुक शेयर किया था। उन्होंने इस तस्वीर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा था- फर्स्ट लुक। इस पर साउथ की फेमस एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु, बॉलीवुड एक्टर राजकुमार राव सहित कई सेलेब्स ने उन्हें जमकर बधाई दी थी।



## महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा, रिक्शा ड्राइवर की मौके पर ही मौत



**ठाणे :** ठाणे में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ है। जिसमें ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। बता दें कि यह भीषण हादसा पूर्वी एक्सप्रेस हाइवे पर हुआ। इस हादसे में तेज रफ्तार एक कार और दो रिक्शा की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई है तो वहीं एक घायल हो गया है। समाचार मुताबिक बीती रात ईस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे पर एक कार से दो रिक्शा के टकराने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल हो गया। इस हादसे में रिक्शा चालक की मौके पर ही मौत हो गई। हैरानी की बात तो यह है कि कार चालक मौके से फरार हो गया। ठाणे पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। ठाणे पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक इस घटना को लेकर राबोड़ी पुलिस ने मामला दर्ज किया है। जिसके बाद आरोपी की पकड़ने के लिए तलाश जारी है।

# BJP विधायक नितेश राणे की खुलेआम धमकी

## 'संजय राउत की सुरक्षा 10 मिनट के लिए हटा दें, कल वो दिखाई नहीं देंगे,



**मुंबई :** महाराष्ट्र विधानमंडल में बजट सत्र के तीसरे दिन विधानसभा की कार्यवाही शुरू होते ही दोनों सदनों में बुधवार को संजय राउत के एक बयान पर घमासान हो गया। इसी दौरान बीजेपी विधायक नितेश राणे ने राज्यसभा सांसद संजय राउत के खिलाफ एक विवादास्पद बयान दिया है। बता दें कि, इससे पहले संजय राउत ने अपने कोल्हापुर दौरे पर कहा था, महाराष्ट्र में विधानमंडल नहीं चोर मंडली है। संजय राउत के इस बयान को लेकर भाजपा और शिंदे गुट शिवसेना (उद्धव गुट) सांसद के खिलाफ आक्रामक हो गए। उन्होंने इसे महाराष्ट्र विधानमंडल का अपमान बताया। साथ ही संजय राउत के खिलाफ विशेषाधिकार उल्लंघन का प्रस्ताव लाने की भी मांग की गई।

बीजेपी विधायक नितेश राणे ने विधानसभा में कहा, 'अध्यक्ष महोदय संजय राउत की दस मिनट के लिए पुलिस सुरक्षा हटा दी जाए तो वे दोबारा दिखाई नहीं देंगे। ये वही संजय राउत हैं जिन्होंने कभी लिखा था कि बालासाहेब ठाकरे और उनकी पत्नी के बीच पटती नहीं है। वे पुलिस सुरक्षा में घिरे रहते हैं। यह सरकार का दिया हुआ संरक्षण है।

विधानसभा अध्यक्ष को संबोधित करते हुए नितेश राणे ने आगे कहा, 'हमें रोज सुबह संजय राउत को सुनना पड़ता है। महाराष्ट्र को इसकी जरूरत है क्या? हमने उनका क्या खाया है। राउत और शिवसेना का क्या संबंध है। सामना में आने से पहले वे शिवसेना के खिलाफ लिखा करते थे। उनकी इतनी हिम्मत हो गई थी कि उन्होंने हिंदू हृदय सम्राट बाला साहेब ठाकरे के खिलाफ लिखा, शिवसेना के खिलाफ लिखा। उनका मार्मिक में छापा गया कार्टून देखें। देश के गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में ऐसा छापा जा सकता है क्या? उन्हें गाली दे सकते हैं क्या?संजय राउत का 10 मिनट के लिए सिक्योरिटी हटा दें, वे कल दिखाई नहीं देंगे, यह साफ कहता हूं।'


### घोषणा पत्र

**रेग्युलेशन ऑफ न्यूज पेपर्स (सेंट्रल रूल्स १९५६, अधिनियम सं. क्र.८) के अनुसार 'महाराष्ट्र क्राईम्स' हिंदी समाचार पत्र के स्वामित्व तथा अन्य विवरणों से संबंधित निवेदन.**

**प्रकाशन का स्थान** : ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३

**प्रकाशन की अवधि** : **मासिक**

**मुद्रक का नाम** : सिराज चौधरी

**राष्ट्रीयता** : **भारतीय**

**पता** : राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर,चेम्बुर, मुंबई-४०००८९

**प्रकाशक का नाम** : सिराज चौधरी

**राष्ट्रीयता** : **भारतीय**

**पता** : ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३

**५) संपादक का नाम** : सिराज चौधरी

**राष्ट्रीयता** : **भारतीय**

**पता** : ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३

**६) उन व्यक्तियों के नाम और पते जो समाचार पत्र के स्वामी हैं तथा पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक साझेदार या अंशधारक है : कोई नहीं**

**मैं,**सिराज चौधरी **घोषित करता हूँ कि मेरी जानकारी और विश्वास के मुताबिक ऊपर लिखित विवरण सही है.**

**मुंबई**

**दिनांक : ०५-०३-२०२३** **ह/-**

....

**प्रकाशक के हस्ताक्षर**


## फेरीवालों के बीच वाद-विवाद, धारदार हथियारों से हमला



**ठाणे :** शहर में कई हॉकर्स माफिया सक्रिय हैं। जगह और व्यवसाय को लेकर अक्सर उनके बीच खूनी संघर्ष होता रहता है। इसी तरह के वाद-विवाद में रवि परदेशी नामक एक युवक पर दो फेरीवालों ने हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल परदेशी को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। ठाणे नगर पुलिस ने इस मामले में दो फेरीवालों को गिरफ्तार कर लिया है। उल्लेखनीय है कि जांभली नाका ठाणे शहर के मुख्य बाजार के रूप में जाना जाता है। इस बाजार में रवि परदेशी का भी व्यवसाय था। पिछले कुछ दिनों से व्यवसाय को लेकर उनका २ फेरीवालों के साथ वाद-विवाद चल रहा था। रात के करीब १० बजे परदेशी अपने घर जा रहा था, इसी दौरान २ से ३ लोगों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला कर दिया। उसे फौरन एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सिर में लगी गंभीर चोट के चलते उसकी मौत हो गई। ठाणे नगर पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गौरतलब है कि फेरीवालों के बीच वाद-विवाद तथा मारपीट की अब तक कई घटनाएं हो चुकी हैं।

## ७२ घंटे तक बिजली के गुल रहने के कारण उपचार के अभाव में एक वृद्ध महिला की मौत



**ठाणे :** कौसा के देवरी पाड़ा में ७२ घंटे तक बिजली के गुल रहने के कारण उपचार के अभाव में एक वृद्ध महिला की मौत हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। इसका विरोध करने के लिए स्थानीय विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र आव्हाड के मार्गदर्शन में मुंब्रा-कलवा विधानसभा क्षेत्र के अध्यक्ष शमीम खान ने भारत गियर स्थित टोरेंट कार्यालय पर ताला ठोंक दिया।

उल्लेखनीय है कि मुंब्रा-कौसा में पिछले कुछ दिनों से बिजली का आना-जाना लगा रहता है। देवरी पाड़ा में लगातार ७२ घंटे तक बिजली न होने के कारण अस्पताल में डायलिसिस न करा पाने की वजह से एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। यह मामला प्रकाश में आते ही आक्रोशित शमीम खान अपने कार्यकताओं के साथ टोरेंट कार्यालय पहुंच गए और कार्यालय में ताला ठोंक दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए अधिकारी जगदीश चेल रमानी मौके पर पहुंचे और बिजली की समस्या से संबंधित सभी मांगों को मान लिया।

## साबुन में कोकीन छिपाकर तस्करी किए जाने का खुलासा



**मुंबई :** साबुन में कोकीन छिपाकर तस्करी किए जाने का खुलासा डीआरआई ने किया है। डीआरआई ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार करते हुए २५ करोड़ रुपए की कोकीन जप्त की है। इस मामले में कुलाबा से एक नाइजीरियाई महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। महिला को आरोपी से कोकीन लेने का काम सौंपा गया था। मिली जानकारी के अनुसार, डीआरआई ने छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर इथियोपिया से आए एक आरोपी को गिरफ्तार किया था। उसके सामान की तलाशी लेने के बाद अधिकारियों को साबुन की १२ टिकिया में कोकीन मिली। करीब दो सप्ताह पहले सुब्बराज नामक व्यक्ति को अदीस अबाबा से कोकीन भारत लाने का काम सौंपा गया था। वह कुलाबा के एक होटल में एक महिला को कोकीन देने वाला था। उसके आने की सूचना मिलने के बाद डीआरआई ने कुलाबा के एक होटल में जाल बिछाया और कोकीन खरीदने आई एक नाइजीरियाई महिला को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से ४० हजार रुपए से अधिक बरामद किए गए हैं। वह राशि सुब्बराज को देने के लिए कहा गया था। इन दोनों के पकड़े जाने के बाद एजेंसी गिरोह के अन्य लोगों की तलाश में जुटी है।

यह समाचार पत्र मासिक महाराष्ट्र क्राईम्स मालिक, मुद्रक प्रकाशक सिराज चौधरी द्वारा राजीव प्रिंटर्स, ४९६, पंचशील नगर१, नागसेन बुद्ध मंदिर रोड नं३, तिलक नगर, चेम्बुर, मुंबई४०००८९ से मुद्रित करवा कर ८/ऐ/१६९/२७०२/टागोर नगर, विक्रोली (पू), मुंबई४०००८३ से प्रकाशित किया । RNI NO. : MAHHIN/1998/02261
संपादक सिराज चौधरी मो. ७७७७०६०६८७ www. maharashtracrimes. in / www. maharashtracrimes. blogspot. in Email : editor@maharashtracrimes. in / maharashtracrimes@gmail. com